राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | धनबाद, रविवार 14 जुलाई 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 09 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 96 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की बैठक

**बरवाअड्डा।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की एक बैठक शनिवार को विज्ञान विहार कालोनी बरवाअड्डा में श्रीराम पांडेय की अध्यक्षता में हुयी. बैठक में आगामी 21 जुलाई को भगवान परशुराम जयंती के समापन समारोह का कार्यक्रम पुटकी श्रमिक क्लब में धूमधाम से मनाने व कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गयी. इस संबंध में सुरेश तिवारी ने बताया की समारोह में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज से संबंधित विश्व ब्राह्मण संघ से जुडे सभी लोग शामिल होंगे.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद ढुलू महतो शामिल होंगे. मौके पर भवानी बंदोपाध्याय, सर्वानंन्द ओझा, नागेन्द्र प्रसाद शुक्ला, शक्ति पाठक आदि मौजूद थे.

### प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा

**महुदा।** महुदा मोड़ शिव शक्ति धाम में श्रीश्री 108 दयाल राधाकृष्ण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है. महायज्ञ को लेकर शनिवार को कलश यात्र निकाली गयी. जिसमें दर्जनों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं समेत गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी और पूर्व जिप सदस्य संतोष कुमार महतो भी शामिल हुए.
कलश यात्रा मन्दिर प्रांगण से शुरू होकर तेलमच्चो होते हुए दामोदर नदी के तट पर पहंची, जहां पुरोहितों ने मंत्रोच्चारण कर कलश में जल भराया.

### 11 वीं कक्षा के नए छात्र-छात्राओं का स्वागत

**झरिया।** डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं ने 11 वीं के नए छात्र-छात्राओं का स्वागत किया. नवागंतुक छात्र-छात्राओं ने यज्ञ-हवन कर अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की. इस अवसर पर कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं नृत्य एवं संगीत प्रस्तुत कर सब का मन मोह लिया. वही कक्षा 11 वीं के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर से पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन का वादा किया. साथ ही 11वीं के छात्र-छात्राओं ने कैटवाक भी किया. स्कूल प्राचार्या महुआ सिंह ने छात्र-छात्राओं से कहा कि शिक्षा के स्तर को ऊंचाई पर ले जाने के लिए अनुशासन का होना जरूरी है. इस विद्यालय की प्राथमिकता अनुशासन है.

### नंद किशोर तिवारी की मनाई गई पुण्यतिथि

**भूली।** नंद किशोर तिवारी की 19 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मासस एवं बिहार कोलियरी कामगार यूनियन ने भूली ए ब्लॉक में शनिवार को संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया. सभा में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. सभा की अध्यक्षता अरविंद तिवारी एवं संचालन पवन महतो ने किया. सभा में बतौर मुख्य अतिथि सीटू के जिलाध्यक्ष एएम पाल उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कोयलांचल में कोयला खदानों का संचालन निजी मालिकों के हाथों में था. ऐसी व्यवस्था में मजदूरों का शोषण होता था.

## झिलुवा के नये प्राथमिक विद्यालय की खिड़की दरवाजा तोड़कर चट कर गए बच्चों का मध्याह्न भोजन

# तिलैया पंचायत के तीन गांवों में हाथियों का उत्पात

- दो दर्जनों घरों में तोड़फोड़, दहशत में ग्रामीण

**संवाददाता। बरवाअड्डा**





शुक्रवार की देर रात पश्चिमी गोविंदपुर के तिलैया पंचायत के झिलुवा, चिकनिया व पारघो गांव में हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया. हाथियों ने लगभग दो दर्जन घरों को में तोडफोड़ किया. घरों में रखे खाद्य सामग्री को खा गए और बर्बाद भी कर दिया. देर रात गांव में हाथियों के हमले से ग्रामीण भयभीत होकर सुरक्षित जगह भाग कर जान बचाई. झिलवा में हाथियों के झुंड ने छुटुलाल सोरेन बुधनी देवी, मालती देवी, रतिलाल टुडू, सूजन किस्कू, मुनिया देवी, कालाचंद किस्कू, हीरामुनी देवी, अनिल बेसरा के कच्चे घरों को तोड़ दिया. इनके घर में रखे धान, चावल, गेहूं , दाल समेत अन्य सामान चट कर गये. नया प्राथमिक विद्यालय झिलुवा की खिड़की व दरवाजा तोड़कर स्कूल में मध्याह्न भोजन के लिए रखा चावल खा गये. झिलुवा के बाद हाथियों का झुंड चिकनिया गांव पहुंच कर शिखर किस्कू, सीताराम किस्कू, दिनेश किस्कू, रतिलाल किस्कू, नरेश किस्कू के घरों में तोडफोड़ कर घरों में रखे खाद्य सामग्री खा गये. बर्तनों को तोड़ दिया. इसके बाद हाथियों का दल पारघो गांव पहुंचा. पारघो में हाथियों ने सुरेश हांसदा, गुजा कोल, बबलू हांसदा, रुपलाल हांसदा, सुनील सोरेन के के घर में तोडफोड कर राशन के सामान खा गया. ग्रामीणों ने भागकर जान बचायी. हाथियों के हमले से क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में है. घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग की मशालची टीम मौके पर पहुंचकर हाथियों भगाया. वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की टीम वन विभाग की टीम समय पर पहुंच जाती तो कई घर टूटने से बच जाते. हाथी अब भी जंगल में है.जिन ग्रामीणों के घर टूट गए हैं. अब वे सुरक्षित आशियाना ढूंढ रहे हैं. वन विभाग के अधिकारी, जिप प्रतिनिधि दिलीप चौधरी मुखिया सुधीर महतो ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि जो भी हाथियों ने क्षति की है, उसकी भरपाई वन विभाग करेगी. इसके बाद जिप सदस्य प्रतिनिधि दिलीप चौधरी ने बच्चों को खाना के लिए आर्थिक सहयोग किया. हाथियों का झुंड बगल स्थित जंगल में डेरा जमाए है.

### मां ने पैसे नहीं दिये तो की आत्महत्या

**केंदुआ।** धनबाद मुगलसराय रेलखण्ड पर भूली हॉल्ट के निकट शनिवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे 14 वर्षीय बालक विजय कुमार की ट्रेन से कटकर मौत गयी. बालक गोन्दूडीह सात नम्बर के निर्धन सुनील कुमार भुइयां का एकलौता पुत्र बताया जा रहा है. जो शुक्रवार की रात से घर से गायब था. परिजन रात भर बच्चे की तलाश में भटकते रहे. सुबह पुलिस से सम्पर्क किया तभी कुछ देर बाद ही रेलवे लाइन पर एक बच्चे की ट्रेन से कटने की सूचना मिली. परिजन ने शव की पहचान की. ट्रेन से कटकर शरीर दो हिस्से में विभक्त हो गया था. सिर पर भी चोट के जख्म थे. चर्चा है कि विजय ने मां से डेली खर्च के पैसे मांगे थे. नहीं मिलने पर बैग लेकर घर से निकल गया.रात भर कहीं छुपा रहा. सुबह रेलवे लाइन पर उसका शव मिला.

## तेज रफ्तार का कहर

# बोलेरो ने बाइक में मारी टक्कर, मां-बेटी की मौत

**खास बातें**

- बच्चे को पानी पिलाने के लिए रोकी थी बाइक
- पीछे से बोलेरो ने आकर मार दी जोरदार टक्कर

**संवाददाता। तोपचांची**



तोपचांची थाना क्षेत्र के मदैयडीह जीटी रोड पर शनिवार को तेज रफ्तार बोलेरो ने सड़क किनारे खड़ी बाइक में टक्कर मार दिया. हादसे में मां और बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा सात लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए. घायलों को इलाज के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच भेजा गया. घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक पर एक ही परिवार के चार लोग सवार थे. बाइक चालक सड़क किनारे मोटरसाइकिल खड़ी कर बच्चों को पानी पिला रहे ते. तभी तोपचांची की ओर से आ रही बोलेरो अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन सड़क से दूर खेत में जा गिरी. बाइक सवार सरिया के कुबाडीह के रहने वाला बताया जा रहा है. हादसे में बाइक सवार मां और बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा पिता और पुत्र घायल हो गए. मृतकों की शिनाख्त मां सुमन देवी (28) और बेटी शिवांगी कुमारी (7) के रुप में हुई है. वहीं घायल पिता की शिनाख्त दुलार चन्द्र विश्वकर्मा (30) और बेटा रुद्राक्ष कुमार (02) के रुप में हुई है. पिता व पुत्र दोनों की स्थिति नाजुक बनी हुई है. दोनों को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है.
वहीं बोलेरो में चालक समेत पांच लोग सवार थे. पांचों घायलों को ग्रामीणों, एनएच कर्मियों और पुलिस की मदद से इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भेजा गया. बोलेरो में सवार दो घायलों के नाम का पता चला है- छावला देवी व शंकर पाण्डेय. वहीं तीन घायलों के नाम का पता नहीं चला है. हादसे की खबर पाकर तोपचांची पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को एसएनएमएमसीएच भेजकर जांच पड़ताल में जुट गई.

### महिला समेत दो गंभीर रूप से जख्मी

बरवाअड्डा : बरवाअड्डा थाना अंतर्गत जीटी रोड पंडुकी के समीप जीटी रोड में शनिवार शाम को अज्ञात वाहन की चपेट में आने बाइक संख्या जेएच10बीभी–1379 में सवार पुरुष और महिला गंभीर रूप से घायल हो गए. बाइक सवार गोविंदपुर से पंडुकी की ओर जा रहे थे. पांडुकी के समीप रोड पार करने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए. घटना में बाइक सवार पुरुष और महिला गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों ने दोनों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भिजवाया.घटना की सूचना पर हाइवे पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंच कर बाइक को अपने कब्जा में कर लिया है.

### सड़क दुर्घटना में जख्मी की मौत



झरिया । झरिया थाना क्षेत्र के केला पट्टी निवासी जमीन कारोबारी लगभग 42 वर्षीय मुकेश यादव की सड़क दुर्घटना के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई. मुकेश यादव शुक्रवार की सुबह सुबह बाइक से धनबाद जा रहे थे. कतरास मोड़ पर एक टोटो ने टक्कर मार दी. टोटो चालक फरार हो गया. मुकेश को जोड़ा फाटक स्थित पाटलिपुत्र अस्पताल ले जाया गया. जहां उनके गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें कोलकाता के एमरिक अस्पताल रेफर कर दिया. अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार की सुबह 11 बजे मुकेश की मौत हो गई. मौत की खबर से क्षेत्र में पसरा मातम : मुकेश बहुत ही सरल और अच्छे स्वभाव के व्यक्ति थे मौत की खबर पाते ही क्षेत्र में मातम पसर गया.मुकेश केला पट्टी स्थित लक्ष्मण वाटिका के समीप साथ रहते थे. मुकेश को दो बेटी व एक बेटा है. तीनों बच्चे छोटे हैं और उनका रो-रो कर बुरा हाल है.

# करंट लगने से 14 वर्षीय बच्ची की मौत



**संवाददाता। धनबाद**

**खास बातें**

- शार्ट सर्किट के कारण टूट गया था तार
- रात में करा चुकी थी रिपेयरिंग फिर टूटने के बाद हादसा

झरिया के फुसबंग्ला में शनिवार को इलियास अंसारी की 14 वर्सिय पुत्री सानिया करंट की चपेट में आ गई. पड़ोस के लोगों ने आनन-फानन में पावर कट कराकर सानिया को पास के जामाडोबा अस्पताल पहुंचाया. जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद इलाके में मातम पसर गया. साथ-साथ घर के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है.
स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह चार बजे सानिया ने अपनी माँ को इलाज के लिए बोकारो अस्पताल ले जाने के लिए अपने घर के समीप गाड़ी मंगाई थी. गाड़ी देखने के लिए वह अपने घर से बाहर आई और अपने घर के बाहर लोहे के पोल को जैसे ही पकड़ा, वो करंट की चपेट में आ गई. घटना की जानकारी मिलते ही पड़ोस के लोग पावर कट कर सानिया को पास के जामाडोबा असपताल ले गए. जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. पोल में करंट आने का मुख्य कारण शॉर्ट सर्किट है.शुक्रवार की रात सर्विस तार शॉर्ट कर गई थी,जिसे विभाग के मिस्त्री द्वारा बनाया गया था, सुबह उसे पूरी तरह सही किया जाना था लेकिन देर रात तार फिर शॉर्ट हो कर लोहे के एस्बेस्टस पर गिर गई थी. इसी एस्बेस्टस में लगे लोहे के पोल के संपर्क में सानिया आ गई थी. हादसे के बाद उसे घर लाया गया. मोहल्ले के लोगों ने बताया कि उसके कई रिश्तेदार बाहर रहते हैं. जिन्हें वारदात की खबर दे दी गई है.

# छत्रसाल सिंह बने पूर्व मध्य रेल के नए महाप्रबंधक

- इंडियन रेलवे के 1988 बैच के आईआरटीएस अधिकारी हैं छत्रसाल

**संवाददाता। धनबाद**



पूर्व मध्य रेल के नए महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह को बनाया गया है. छत्रपाल सिंह इंडियन रेलवे के 1988 बैच के आईआरटीसी अधिकारी हैं.इससे पहले वे रेलवे बोर्ड नई दिल्ली में एडिशनल मेंबर(ट्रैफिक ट्रांसपोर्टेशन ) पद पर कार्यरत थे .आईआईटी रूरकी से छत्रपाल सिंह ने इंजीनियरिंग का डिग्री हासिल की है. पूर्व मध्य रेल के जीएम बनने से पूर्व छत्रपाल सिंह ने साउथ ईस्टर्न,पूर्व मध्य रेल,उत्तर रेलवे में परिचालन प्रबंधक ,वाणिज्य सहित संरक्षा विभाग में बड़े अधिकारी के रूप में योगदान दे चुके हैं. नई दिल्ली में जीएम के रूप में कार्य के साथ उन्होंने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में डीआरएम के रूप में कार्य कर चुके हैं.

# असामाजिक तत्वों ने की इंदिरा गांधी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, जताया विरोध

## काँग्रेसियों ने धरना देकर की कसूरवारों की गिरफ्तारी की मांग

**झरिया।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा झरिया के इंदिरा चौक पर स्थित असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया. प्रतिमा तोड़े जाने के खिलाफ झरिया नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रत्नेश यादव के नेतृत्व में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम की अगुवाई में सैकड़ो कांग्रेसियों ने इंदिरा चौक पर धरना दिया. कांग्रेसियों ने जिला प्रशासन से अविलम्ब प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने वाले असामाजिक तत्वों को गिरफ्तारी की मांग की. मामले को गरम होता देख जिला प्रशासन ने तुरंत प्रतिमा को उसी जगह स्थापित कर कसूरवार को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया.



धरना देने वालों में किशोर कुमार, प्रीतम रवानी, पिंटू तुरी, रवि सिंह, अर्जुन विश्वकर्मा, अब्दुल करीम अंसारी, फैज अहमद, राजा अंसारी, निशार अहमद, कुंदन कुमार मोदक, राजीव पांडेय, राकेश मिश्रा, राकेश पासवान, सूरज वर्मा, संजीव सिंह, गोलू पासवान समेत सैकड़ों कांग्रेसी शामिल थे.

# प्रशासन सही से गवाही कराए तो धनबाद में हो जाएगा उपचुनाव: सरयू

- सरयू राय आज धनबाद में मिलेंगे डोमन महतो परिवार से

**संवाददाता। धनबाद**



विधायक सरयू राय ने कहा है कि न्यायालय में गवाही देने के बाद डोमन महतो के परिवार की जिस प्रकार पिटाई की गई, उसका न्यायालय को भी संज्ञान लेना चाहिए. साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि जिस केस में डोमन महतो ने गवाही दी है.उस केस के अन्य गवाहों की भी गवाही कराई जाए. गवाहों को सुरक्षा देकर यदि प्रशासन सभी की गवाही करा देती हैं तो धनबाद में जल्द ही लोकसभा उपचुनाव हो जाएगा. सांसद ढुल्लू महतो समर्थकों द्वारा की गई पिटाई में घायलों का हाल जाने रविवार को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय एसएनएमएमसीएच जाएंगे. इसके साथ ही डोमन महतो एवं अन्य से मिलने चिटाही भी जाएंगे. सरयू राय ने बताया कि पीड़ितों से मिलकर उन्हें हर सम्भव सहायता दिलाएंगे. वे धनबाद एसएसपी से मिलकर आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग भी करेंगे. उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए उनके साथ हमेशा खड़ा हैं.

## गुड न्यूज

## धनबाद व गिरिडीह के नये सांसदों ने बैठक में की शिरकत

# डीएमएफटी मद से 550 लाख की योजनाओं को मंजूरी

**खास बातें**

- न्यास परिषद की बैठक में लिया गया निर्णय
- उपायुक्त माधवी मिश्रा ने की बैठक की अध्यक्षता

**संवाददाता। धनबाद**



उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को न्यू टाउन हॉल में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के न्यास परिषद की बैठक आयोजित की गई. बैठक में सांसद धनबाद ढुलू महतो, सांसद गिरिडीह चंद्र प्रकाश चौधरी, विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, विधायक धनबाद राज सिन्हा, जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह मौजूद रहे. बैठक के दौरान न्यास परिषद से अनुमोदन के लिए विभिन्न योजनाओं के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी दी गई. बैठक के दौरान सांसद, विधायक व उपायुक्त सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की. डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक में जिले के सर्वांगीण विकास के लिए 550 लाख रुपए से अधिक के नए प्रस्ताव पारित किए गए.
इसमें धनबाद सदर, बलियापुर, टुंडी, बाघमारा, तोपचांची एवं झरिया के आंगनबाड़ी केंद्रों में ट्यूबवेल एवं रेनवाटर हार्वेस्टिंग, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के विभिन्न विभागों में मशीन, उपकरण, एसएनएमएमसीएच का सुदृढ़ीकरण एवं मौलिक सुविधाएं उपलब्ध कराना, सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन, डिजिटल एक्स-रे, बाल सुधार गृह का जीर्णोद्धार के अलावा लघु सिंचाई, भवन प्रमंडल, आधारभूत संरचना, शिक्षा, ग्रामीण जलापूर्ति योजना, जोड़ापोखर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण, शहर में ट्रैफिक सिग्नल एवं सीसीटीवी कैमरा लगाना, खनन के कारण हो रहे वायु प्रदूषण को रोकने के लिए नगर निगम को वॉटर स्प्रिंकलर एंटी स्मोक गन व स्टेनलेस स्टील वॉटर टैंकर उपलब्ध कराना, झरिया में बंद पड़े माइन पिट के पास आरओ प्लांट प्रोजेक्ट का अधिष्ठापन सहित अन्य योजनाओं को स्वीकृति दी गई.
मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, सिटी एसपी अजीत कुमार, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सालकर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, धनबाद प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य एवं जिले के सभी मुखिया सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे. बैठक की शुरुआत में उपायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया. उपविकास आयुक्त ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

### रवि महतो उच्च विद्यालय में सम्मान समारोह

**महुदा।** रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय, महुदा में शनिवार को एक समारोह आयोजित कर मैट्रिक एवं इण्टर पास छात्र छात्राओं के बीच परीक्षाफल वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित प्राचार्य डॉ०राजेश कुमार यादव, महुदा थाना एसआई प्रदीप कुमार, प्रशासक मधु सूदन महतो, एचओडी डॉ०नवीन मंडल के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया1इस दौरान विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया. इस वर्ष मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का रिकॉर्ड तोडने वाले छात्र मोहित कुमार दास एवं सौरभ कुमार चटर्जी को पांच-पांच हजार रुपये की राशि देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया.साथ ही 90% से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को भी पाँच-पाँच सौ रुपया सांत्वना राशि देकर सम्मानित किया गया.

# श्रमिक कॉलोनियों में नहीं हो रही फॉगिंग

- कहीं फॉगिंग मशीन खराब, तो कहीं टेंडर की समस्या

**संवाददाता। धनबाद**

बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा इन दिनों मच्छरों के नियंत्रण को लेकर फॉगिंग कार्य में लापरवाही हो रही है. बीसीसीएल मुख्यालय के कोयलानगर,कार्मिकनगर और जगजीवन नगर कॉलोनी में कई दिनों से फॉगिंग नहीं हो रही है. इसका परिणाम है कि इन इलाकों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है. बीसीसीएल के बरोरा,ब्लॉक दो ,एरिया तीन,कुसुंडा सहित अन्य श्रमिक कॉलोनियों में फॉगिंग सुचारू रूप से नहीं हो रही है. यूनियन प्रतिनिधि द्वारा लगातार शिकायत भी की जा चुकी है.

**फॉगिंग मशीन है खराब : संतोष सिंह**

बीसीसीएल मुख्यालय में जनता श्रमिक संघ के शाखा सचिव संतोष सिंह ने कहा कि श्रमिकों के स्वास्थ्य पर प्रबंधन उदासीन है .उन्होंने कहा कि अधिकारियों के लिए हर सुविधा तुरंत बहाल होती है .कोयलानगर हो या जगजीवन नगर कॉलोनी कभी भी नियमित रूप से फॉगिंग नहीं होती है,फॉगिंग मशीन भी खराब है.

**एरिया से टेंडर नहीं निकल रहा : देवानंद**

बिहार कोलियरी कामगार यूनियन नेता देवानंद राजभर ने कहा कि मुख्यालय से लेकर एरिया स्तर के संबंधित अधिकारी को कोई चिंता नहीं है .बरोरा,ब्लॉक दो एरिया हो या अन्य श्रमिक कॉलोनी फिलहाल फॉगिंग कार्य में बड़ी लापरवाही है. स्थानीय कोल प्रबंधन टेंडर नहीं निकाल रहा, प्रबंधन को लिखित शिकायत के बाद कोई असर नहीं हो रहा है.

## ब्रीफ खबरें

### निरसा में तीन टन अवैध कोयला जब्त

**मैथन।** गुप्त सूचना के आधार पर निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार ने शनिवार को विद्यासागर कॉलोनी में छापेमारी कर खाली प्लॉट पर पड़ा तीन टन अवैध कोयला जब्त किया. छापेमारी के बाद कोयला को ईसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया.इस संबंध में कोयला चोरी में शामिल लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज करने की प्रक्रिया चलाई जा रही है. इस संबंध में जानकारी देते हुए निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार ने कहा कि सूचना मिली थी कि विद्यासागर कॉलोनी में घनी आबादी का लाभ उठाकर कोयला स्टॉक किया जा रहा है. छापेमारी की गई तो संकरी गली के अंदर खाली पड़े प्लॉट में सीमेंट के बोरियों में कोयला भरा हुआ मिला, जिसे जब्त किया गया.

### निरसा व पंचेत में शांति समिति की बैठक

**निरसा।** मोहर्रम को लेकर शनिवार को निरसा थाना व पंचेत ओपी परिसर में शांति समिति का बैठक हुई. बैठक में मोहर्रम समिति के सदस्यों से शांतिपूर्ण तरीके त्योहार मनाने की अपील की गई.निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार व पंचेत ओपी प्रभारी प्रभात रंजन राय ने सोशल मीडिया के किसी भी प्रकार के अफवाह से बचने, सड़कों पर ट्रैफिक नियम का पालन करने की बात कही. कहा कि किसी को क्षति या असुविधा न हो. शांति भंग करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा.

### चोरी के तार के साथ एक गिरफ्तार

**मैथन।** निरसा पुलिस टीम ने शनिवार को निरसा के एमपीएल ओपी क्षेत्र के भागाबांध गांव में छापेमारी की. छापेमारी में कालीचरण सिंह (18) को गिरफ्तार किया गया. उसके घर से चोरी के 10 किलोग्राम तांबा के तार, 20 किलोग्राम लोहा के तार, कालेरंग के तार का कवर 6 पीस, लाल रंग के कवर 7 पीस एवं सफेद रंग के कवर 7 पीस बरामद किया गया है. एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने बताया कि गिरफ्तार कालीचरण सिंह ने पूछताछ में बताया कि वह तार चोरी नहीं करता है, बल्कि चोरी का तार खरीद-बिक्री करता है. उसने दो तार चोरों का नाम बताया है.

### आशा किरण किशोरी समूह का गठन

महुदा। बाल विवाह मुक्त गांव निर्माण और किशोरी सशक्तिकरण के लिए कंचनपुर में एसेस टू जस्टिस फोर चिल्ड्रेन, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन एवं झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की ओर से किशोरी समूह का गठन आंगनबाड़ी सेविका बबीता की अध्यक्षता में किया गया. इस समूह का नाम आशा किरण रखा गया है. समूह का संचालन करने के लिए दो किशोरियों का चयन किया गया.

### जेबीकेएसएस का थामा दामन

निरसा। कलियासोल प्रखंड के अखिल भारतीय बाउरी समाज के संस्थापक स्वर्गीय बीर बामापद बाउरी के सुपुत्र सह झामुमो के जिला उपाध्यक्ष अश्विनी बाउरी ने शनिवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) का दामन थाम लिया. उन्हें सदस्यता ग्रह जेबीकेएसएस के सुप्रीमो जयराम महतो ने माला पहनाकर कराया. मौके पर जयराम ने कहा कि अश्विनी बाउरी को पार्टी में शामिल होने से सांगठनिक मजबूती आएगी. अश्वनी बाउरी पूरे प्रदेश में युवाओं को जोड़ने का कार्य करेंगे.

## झारखंड-बंगाल बार्डर मैथन से लेकर निमियाघाट तक एनएच-2 पर प्रतिदिन हो रहे हादसे

# सड़क हादसे : एनएच पर 79 किलोमीटर तक पड़ताल

### शुभम संदेश के पांच रिपोर्टर ने तलाशी वजह, क्यों हो रही लगातार हादसों में हर दिन मौत !

**टीम धनबाद**

झारखंड बंगाल बार्डर के मैथन से लेकर निमियाघाट तक, नेशनल हाइवे 2 पर लगभग 79 किलोमीटर में होने वाले सड़क हादसों की वजह जानने के लिए शुभम संदेश की टीम ने शनिवार को पड़ताल की. मैथन से लेकर निमियाघाट तक पांच रिपोर्टर की टीम-टीम ने अलग-अलग और अपने-अपने क्षेत्रों का पैना आकलन किया. यह 79 किलोमीटर की दूरी कैमरों से मापी गई. खोजा गया कि आखिर क्यों लगातार घटनाएं हो रही हैं. हर दिन कीमती जिंदगी क्यों खत्म हो रही है. पेश है होने वाले हादसों के कारणों की पड़ताल.

हाल में हुई सड़क दुर्घटनाओं की बात की जाए तो अधिकांश मामलों में हादसे ही वजह नेशनल हाइवे पर खड़े वाहनों के कारण हो रहे हैं, ऐसे वाहन जो सर्विस लेन के बजाय मुख्यलेन में खड़े कर दिए जाते हैं और फिर उन वाहनों में दूसरे वाहनों की टक्कर हो जाती है. ये टक्कर जानलेवा होती है. क्योंकि इस सड़क पर वाहनों की रफ्तार काफी तेज होती है और फिर टक्कर से वाहनों के साथ-साथ सवार के भी चिथड़े हो जाते हैं. सर्विस लेन के बजाय मेनलेन में ट्रक, ऑटो समेत ट्रेलर जैसे भारी वाहनों के खड़े होने का रिवाज पूरे 79 किलोमीटर में देखा गया. इस पूरी दूरी के दरम्यान जहां पर ढाबे-होटल थे, उन जगहों पर चालक अपने वाहनों को खड़ा कर रखे थे. तो चलिए देखते हैं मैथन से निमियाघाट तक.




एनएच के दोनों तरफ साक्षात मौत बनकर खड़े वाहन




यह नजारा किसी आम सड़क का नहीं बल्कि नेशनल हाइवे का है, बरवाअड्डा और गोविंदपुर के बीच का है

### चलता-फिरता गैराज बन चुका है बरवाअड्डा

**बरवाअड्डा :** नेशनल हाइवे का यह इलाका वाहनों की मरम्मती के लिए प्रसिद्ध हो चुका है. यहां सड़क किनारे सबसे अधिक वाहन खड़े होने लगे हैं. इस कारण हादसों की संख्या में भी इजाफा देखने को मिल रहा है. इसके साथ ही यहां पर अब भी कई स्थानों पर सड़क निर्माण कार्य जारी है. जहां सड़क पर गड्ढों और अधूरे निर्माण कार्य आदि कारणों से हादसे हो जा रहे हैं. सड़क को कहीं से काटा तो कहीं जोड़ा जा रहा है. तेज रफ़्तार होने के कारण इन जगहों पर हादसे हो जा रहे हैं.

1. सर्विस लेन के बजाय मेनलेन में वाहन खड़ा करना
2. रात में इंडीकेटर या पार्किंग लाइट का प्रयोग न करना
3. एनएच पर मनमर्जी कट बना लेना
4. एनएच के मेनलेन सड़क पर सवारियों को उतारना-चढ़ाना
5. एनएच के सर्विस लेन का अतिक्रमण हो जाना
6. ढाबों और होटलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई न होना
7. एनएच पर यातायात पुलिस की तैनाती न होना
8. एनएच पर आने से पशुओं को नहीं रोका जाना
9. जिला प्रशासन व एनएच के बीच नियमित बैठक न होना
10. तेज रफ्तार या फिर नशे में वाहन चलाना

### झारखंड- बंगाल बार्डर- सड़क के दोनों तरफ वाहनों की कतार



**मैथन :** कोलकाता-नई दिल्ली नेशनल हाईवे टू पर मैथन बार्डर, टोल प्लाजा, होटल-ढाबों एवं ट्रांसपोर्ट ऑफिसों के आसपास सड़क के दोनों ओर वाहन ही वाहन खड़े नजर आते है. कार्रवाई नहीं होने के कारण चौबीस घंटे सड़क के दोनों ओर ट्रक एवं भारी वाहनों का मेला लगा रहता है. स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के कारण लाईन होटल-ढाबों में पार्किंग की जगह नहीं बची है. जहां अक्सर रात में सड़क किनारे वाहन चालकों द्वारा अपने वाहन को बेतरतीब तरीका से खड़ा कर दिया जाता है, जो अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बन जाता है. जिससे आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और बड़ी संख्या में लोगों की जानें जा रही हैं. बताया कि पीछे से तेज रफ्तार से आने वाले वाहन खड़े वाहन से टकरा जा रही है, ऐसी कई घटनाएं हो चुकी है. लेकिन लापरवाह वाहन चालकों पर आज तक कोई लगाम नहीं लगाया जा रहा है. लोगों ने बताया कि कहने को तो थानों की पुलिस रात-दिन सड़क पर गश्ती करती है, लेकिन वह लापरवाह वाहन चालकों पर कार्रवाई करने के बजाय वसूली करने में लगी रहती है, यातायात नियमों का पालन कराना दूर की बात है. बताया कि जब वाहन चालक लापरवाही से वाहन खड़ा करता है, तो वाहनों में न तो पार्किंग लाईट जलाई जाती है और न ही कोई रेडियम संकेत होते हैं. रात में होने वालों हादसे होने का मुख्य कारण यही होता है.

### निरसा : सर्विस लेन पूरी तरह अतिक्रमित



**निरसा :** मैथन के बाद निरसा इस मार्ग का प्रमुख पड़ाव है. यहां एनएच का अतिक्रमण हो गया है. लिंक लेन में फुटपाथ दुकानदारों का कब्जा हो चुका है. इस कारण वाहनों को मेनलेन में ही खड़ा करना चालकों की मजबूरी बन चुकी है. यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस महकमे की तरफ से नियमित तैनाती भी नहीं है. इस निरसा बाजार चौक में खरीदारों की भी काफी भीड़ रहती हैं. वाहनों की कतार दूर तक लग जाती हैं. एमपीएल के अधिकारियों के लिए यातायात नियमों का पालन कराया जाता है. सुबह जब एमपीएल के अधकारी ड्यूटी जाते हैं, तब एमपीएल की तरफ से यहां यातायात व्यवस्था सही रखने के लिए आदमी लगाया जाता है, फिर शाम में जब छुट्टी होती है, तब फिर से तैनाती होती है. इस रास्ते में कई जगहों पर कट भी बनाया गया है. जहां से बाइक वाले टर्न ले लेते हैं, इन जगहों पर भी अक्सर हादसे हो रहे हैं.

### गोविंदपुर में भी यातायात जवान तक नहीं



**गोविंदपुर :** गोविंदपुर बाजार का इलाका हादसों को लेकर काफी संवेदनशील है. पूरे 79 किलोमीटर के इस मार्ग पर सबसे अधिक दुर्घटनाएं इसी इलाके में होती हैं. क्योंकि यहां पर बलियापुर से गोविंदुपर, धनबाद से गोविंदपुर और फिर टुंडी से गोविंदपुर पहुंचने वाली तीन चौक-चौराहे सीधे नेशनल हाइवे से मिलते हैं. बावजूद इसके यहां कोई यातायात व्यवस्था नहीं है. वाहन चालकों को खुद होशियारी करनी है और दूसरों की बेवकूफी भी नजर रखनी है, नहीं तो फिर सीधे मौत से सामना हो जाता है. चौक के पास आटो वाले मेनलेन पर ही वाहन खड़ा कर सवारी लेते हैं, जरा सी चकू हादसे की वजह बन जाती है. इसके अलावा भी कई और क्षेत्र हैं, जहां होटल और ढाबों के सामने ही वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है. जहां अक्सर रात में खड़े वाहन को टक्कर मारने के मामले सामने आते रहते हैं.

### राजगंज में हादसों में कमी

**राजगंज :** राजगंज बाजार में ओवरब्रिज बनाए जाने के कारण यहां हादसो में काफी कमी आ गई है. बावजूद इसके यहां कुछ स्थान ऐसे हैं, जहां अक्सर हादसे हो जाते हैं. इनमें बरडार, जरमुनई और दलुडीह का इलाका है. यहां कुछ ढाबे हैं और इन ढाबों में खाना खाने या आराम करने की नीयत से चालक अपना वाहन रोक देते हैं और फिर वाहन मेन लेन में ही खड़ा कर देते हैं. इसी कारण से यहां पर हादसे हो जा रहे हैं.

### ढाबा संचालकों को दी जाती है नोटिस

अशोका बिल्डकॉन के प्रोजेक्ट हेड राजीव रंजन ने सड़क किनारे खड़े वाहनों को लेकर बताया कि एनएच के द्वारा लगातार उन सभी होटलों व ढाबों को लीगल नोटिस जारी किया जाता है ताकि सड़क किनारे वाहन को खड़ा नहीं करने दिया जाए. लेकिन होटल व ढाबा संचालक मनमानी तरीके से वाहनों को सड़क किनारे खड़ा करने देते हैं. उन्होंने कहा कि एनएच द्वारा लगातार सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जाता है. सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों के मामले को धनबाद उपायुक्त के मासिक बैठक में भी उठाया जाता है. ताकि इनके खिलाफ कार्रवाई हो, लेकिन कुछ माह से उक्त बैठक आयोजित नहीं हुई है.

## तोपचांची : सड़क किनारे लगे वाहनों से लगातार हादसे

तोपचांची : तोपचांची थाना क्षेत्र के चलकरी, तोपचांची बाजार, साहोबहियार , मदैयडीह, लेदाटांड, कांडेडीह व अन्य जगहों में प्रतिदिन दर्जनों भारी वाहन सड़क किनारे खड़ी रहती हैं. इतना ही नहीं तोपचांची थाना में जब्त गाड़ियों को भी थाना के बाहर जीटी रोड किनारे खड़ा कर दिया जाता है. जो अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं. जीटी रोड किनारे बने होटलों व ढाबों में अक्सर भारी वाहन चालक अपने वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर भोजन करने चले जाते हैं. पीछे से आ रही तेज रफ्तार वाहन सड़क किनारे खड़े वाहन को जोरदार टक्कर मार देती है जिसमें कोई लोगों की जान भी जा चुकी है. यही हाल निमियाटाट का भी है यहां अमलखोरी के बाद से ही मेनलेन में ही भारी वाहन खड़े दिख गए. खासकर ढाबे के सामने तो कतार सी लगी थी.



**केस नंबर-1** : 2 जून को तोपचांची थाना क्षेत्र के वाटर बोर्ड स्थित जीटी रोड किनारे खड़ी ट्रक को पीछे से आ : ही तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार ट्रक मार दिया. जिसमें ट्रक सवार एक युवक की मौत हो गई थी.

**केस नंबर-2** : 9 जुलाई को तोपचांची थाना क्षेत्र के तोपचांची बाजार के समीप सड़क किनारे खड़ी ट्रक को तेज रफ्तार पिकअप वैन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें पिकअप वैन सवार एक युवक की मौत हो गई.

**केस नंबर 3** : 29 मार्च को तोपचांची थाना क्षेत्र के काडेडीह स्थित जीटी पर खड़ी कंटेनर को तेज रफ्तार पिकअप वैन ने टक्कर मार दिया था. हादसे में पिकअप वैन में सवार युवक का सर धड़ से अलग हो गया था.

**इनपुट : रनजीत कुमार सिंह, शेष नारायण सिंह, अक्षय चौबे, रामकुमार पांडेय, राजकुमार महतो**

## आईआईटी ने मैथन में लगाया एक हजार पौधा

**संवाददाता। धनबाद**

मैथनः आईआईटी (आईएसएम) धनबाद ने शनिवार को अपने मैथन स्थित यूनिट टू कैम्पस में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक मेगा पौधरोपण अभियान चलाया. इस अभियान के तहत पीपल, नीम, आम, पलाश, जामुन, महुआ और करंज की विभिन्न किस्मों के एक हजार से अधिक पौधे लगाए गए.आईआईटी (आईएसएम) के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा ने अभियान कि नेतृत्व करते हुए कहा कि पौधरोपण आज की जरूरत है. दूषित पर्यावरण को वृक्ष ही शुद्ध करता है, क्योंकि वृक्ष कार्बन को कैप्चर करता है. कहा कि लोगों में जागरूकता पैदा करने और हमारे ग्रह को बचाने का संदेश देने के लिए संस्थान के पर्यावरण विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के ईआईएसीपी (पीसी-आरपी) के सहयोग से संस्थान के डीन (इन्फ्रास्ट्रक्चर) कार्यालय के बागवानी अनुभाग द्वारा संचालित किया गया है.अभियान में उपस्थित लोगों में उप निदेशक प्रोफेसर धीरज कुमार, डीन (कॉर्पोरेट संचार) प्रोफेसर रजनी सिंह, प्रोफेसर अमित दीक्षित, प्रोफेसर आलोक कुमार सिन्हा, प्रोफेसर अंशुमाली, प्रोफेसर एसके मैती, प्रबोध पांडे, रजिस्ट्रार आदि शामिल थे.

### बलियापुर में शांति समिति की बैठक

**बलियापुरः** मोहर्रम को ले शनिवार को बलियापुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई. जिसमें मोहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने निर्णय लिया. मौके पर बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी आशीष भारती, जिप सदस्य उषा महतो, मुखिया विजय गोराई, मुखिया उत्तम चौबे, मुखिया दिलीप कुमार महतो, बेंगू ठाकुर, राजेंद्र किस्कू, दिनेश सिंह, अनवर अली खान, मुस्ताक आलम, शकील अंसारी, कुलदीप अग्रवाल, सीमा देवी, सुनील महतो, अब्दुल कादिर, स्वपन कुमार महतो, सरफुद्दीन अंसारी, इसराइल अंसारी, शेख खातीर, गुड्डु खान, दिनेश सरखेल, रहीम अंसारी, विष्णु महतो आदि मौजूद थे.

## बीसीसीएल प्रबंधन की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी : सांसद चौधरी

- गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी से बांसजोड़ा 12 नंबर के अग्नि प्रभावित ग्रामीण मिले

**संवाददाता। कतरास**

बांसजोड़ा 12 नंबर के अग्नि प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों ने गुरुवार को गिरिडीह लोकसभा के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से मिलकर धधकती आग व गैस रिसाव एवं पिट वाटर की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है. ग्रामीणों ने इस दौरान आजसू पार्टी के जिला प्रधान सचिव रामा शंकर तिवारी एवं मजदूर नेता बिनोद पासवान के नेतृत्व में एक मांग पत्र भी सांसद को सौंपा है. सांसद ने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र की यह एक बड़ी समस्या है, इस मामले को समाधान के लिए लोकसभा सत्र में गम्भीरता पूर्वक रखने का कार्य करेंगे. साथ ही बहुत जल्द बीसीसीएल के सीएमडी से मिलकर समाधान करवाने का आश्वासन भी दिया. मौके पर बिनोद पासवान , गौतम गोप, बबन पासवान , पप्पू पासवान , रामप्रवेश , रामानंद राम , पिंकू रवानी , मुकेश पासवान , गायत्री देवी , पूनम देवी , बालिका देवी शामिल थे.



## निदान : सरायढेला नूतनडीह सड़क पर नाली के पानी का हो रहा जमाव

# जलजमाव की समस्या पर विधायक ने लिया एक्शन

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 24 सरायढेला नूतनडीह के स्थानीय लोगों के द्वारा सड़क पर नाली के पानी के जमाव की समस्या की जानकारी मिलने पर विधायक राज सिन्हा ने नगर आयुक्त को पत्र लिख कर नूतनडीह पुल के पास से काली मंदिर होते हुए मैनेजर राय के घर की ओर लगभग 800 फ़ीट नाले का निर्माण स्लैब के साथ करने की अनुशंसा की. कुछ ही घंटों में विधायक राज सिन्हा नगर निगम के इंजीनियर महेश भगत जी के साथ स्पॉट पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेते हुए बिना देर किये नाले के निर्माण के पहले की प्रक्रिया शुरू करा दी. विधायक राज सिन्हा ने बताया कि इंजीनियर के साथ जांच करते हुए नाले के निर्माण के लिए नापी पूरी कर ली गई है, एक सप्ताह के अंदर विकास कार्य टेंडर की प्रक्रिया में चला जायेगा. नूतनडीह वासियों को जल्द सड़क पर जलजमाव की समस्या से छुटकारा मिलेगा.मौके पर धनबाद विधायक राज सिन्हा के साथ इंजीनियर महेश भगत, संतोष सिंह, मनोज मालाकार, मंजीत सिंह, संतोष कुमार, मीणा देवी, गीता देवी, सावित्री देवी सहित दर्जनों स्थानीय लोग उपस्थित रहें.



### सुरक्षा को लेकर प्रबंधन को सौंपा पत्र

**तेतुलमारी।** नगरीकला में शुक्रवार की रात बिजली बनाने गए फोरमैन मुस्तकीम खान के साथ मारपीट का आरोप ग्रामीणों पर लगा है. इस मामले में बीसीसीएल कर्मियों ने शनिवार को तेतुलमारी कोलियरी के प्रबंधक व सिजुआ महाप्रबंधक को सुरक्षा की मांग को लेकर पत्र सौंपा. पत्र में कहा गया है कि बिजली का विस्तार अधिक दूरी तक होने से हम कर्मियों को देखरेख और मरम्मत करने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है. मरम्मत के दौरान लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं. स्थिति को देखते हुए हम कर्मियों को सुरक्षा उपलब्ध कराया जाय. पत्र सौंपने वालों में मुस्तकीम खान, सुबोध सिंह, चुन्नू पासवान, अशोक मल्लाह, नारायण कुम्हार समेत अन्य कर्मी शामिल थे.



## ब्रीफ खबरें

### चट्टान से टकराई कार चार लोग घायल

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी थाना इलाके में शनिवार की शाम तिसरी-गांवा मुख्य पथ पर भुराई के समीप सड़क किनारे स्थित चट्टान से टकराने के कारण भीषण सड़क दुर्घटना हो गई. जिसके कारण कार के परखच्चे उड़ गए. कार में बैठे गांवा थाना इलाके के पटना (बैदा गांव) के रहने वाले मनीष कुमार, सचिन कुमार, राहुल कुमार और विशाल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए. जिसमें दो लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है. घटना के बाद तिसरी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को पुलिस जीप से तिसरी अस्पताल लाया. जहां प्राथमिक उपचार कर दो लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए उच्च अस्पताल रेफर कर दिया गया.

### बाईक चालक व राइडर को हेलमेट पहनने का आदेश

**बोकारो।** संयुक्त परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा) लीड ऐजन्सी सड़क सुरक्षा परिवहन विभाग झारखंड, रांची द्वारा जारी पत्र जारी कर जिले के सभी बाईक चालकों को तथा पिलन राइडर (पिछे बैठने वाले) को हेलमेट का प्रयोग करने का निर्देश दिया गया है. पत्र के माध्यम से कहा गया है कि यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने हेतु ड्राइवर तथा पिलन राइडर द्वारा हेलमेट का उपयोग करना अनिवार्य है. हेलमेट के उपयोग करने से सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु की संख्या में कमी लायी जा सकती है. बिना हेलमेट का दो पहिया मोटरवाहन परिचालन करते पकड़े जाते हैं, तो मोटरवाहन अधिनियम 1988 की संसुगत धाराओं के तहत कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई. उक्त आशय की जानकारी जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने दी.

### कारगिल विजय दिवस पर स्कूल में लगाये 25 फलदार पौधे

**बोकारो।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद, बोकारो की ओर से कारगिल विजय के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह की परिकल्पना के साथ विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला का आरंभ शनिवार को संत मेरिज विजन इंटरनेशनल स्कूल चीरा चास में 25 फलदार सहित बहुउपयोगी पौधों के साथ पौधरोपण से हुआ. परिषद के राकेश मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम के तहत आम, अमरूद, कटहल, नारियल सहित अन्य 25 बहुउपयोगी पौधे लगाए गए. मिश्रा ने सदस्यों को अधिकाधिक संख्या में पौधरोपण करने और पर्यावरण संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया.

### अनियंत्रित होकर पलटा स्कोर्पियो, एक घायल

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ पचम्बा मुख्य मार्ग घोरंजो में तेज रफ्तार से आ रही असंतुलित स्कॉर्पियो पलट जाने से उसमें सवार एक गंभीर रूप से घायल हो गया. ग्रामीणों ने बताया कि गाड़ी के मालिक बेंगाबाद थाना क्षेत्र के ताराटांड़ निवासी कैलाश यादव हैं. वह अपने परिवार को लेकर शुक्रवार को जमुआ प्रखंड के अरवाटांड ससुराल शादी के निमंत्रण में आया हुआ था. शनिवार की सुबह सुनील यादव (साला) और उनके साथ 4 अन्य साथियों के साथ गाड़ी में बैठ कर पचंबा की ओर जा रहे थे. इसी क्रम में घोरंजो के पास तेज रफ्तार होने के कारण असंतुलित होने के कारण रोड के किनारे लगे एंगल बोर्ड को चिपटा करते हुए पचास फिट दूरी में जा गिरा.

### त्याग और बलिदान का पर्व है मुहर्रमः डीडीसी

**बोकारो।** उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद एवं अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने चास प्रखंड सभागार में पदाधिकारियों एवं मुहर्रम समिति के साथ बैठक कर मुहर्रम पर्व की तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर दिनेश कुमार, अपर नगर आयुक्त अनंत कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता चास प्रभाष दत्ता, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय अश्विनी कुमार गुप्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चास प्रवीण कुमार, पुलिस उपाधीक्षक नगर आलोक रंजन, प्रखंड विकास पदाधिकारी चास, अंचलाधिकारी चास, कार्यपालक दंडाधिकारी कनिष्क कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी चास उपस्थित थी.बैठक में उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद ने संबंधित पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी को हर गतिविधि पर नजर रखने को कहा.

# शहरी पेयजलापूर्ति योजना पंप हाउस पर कटाव का मंडराया खतरा

## गंगा में समाई चाहरदीवारी, हटाई जाएगी मशीनें, 6 करोड़ की लागत से बना था पंप हाउस



**सुबोध सिंह। साहिबगंज**

गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है. जिससे दियारा क्षेत्र व गंगा के किनारे के इलाकों में बसे टोला व मोहल्ला में कटाव शुरू हो गया है. शहरी पेयजलापूर्ति योजना के लिए नगर परिषद क्षेत्र के चानन मोहल्ला से कुछ दूरी पर छह करोड़ की लागत से गंगा किनारे स्थापित किया गया पंप हाउस भी अब गंगा कटाव की जद में है. पंप हाउस की चारदीवारी बीते दिनों गंगा में समा गई है.

चाहरदीवारी के बाद चार से पांच फीट दूरी पर गंगा पंप हाउस का भवन है. जिसे कटाव कभी भी अपनी आगोश में ले सकता है. आसपास की मिट्टी में दरारें आने लगी है. जल्द ही पम्प हाउस में कटावरोधी कार्य शुरू नहीं कराया गया तो लाखों की मशीनों के साथ पंप हाउस का मुख्य भवन गंगा में समा जाएगा.

### पहले सिवरेज प्लांट आया था कटाव की जद में

इसके पूर्व चानन स्थित सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी गंगा कटाव की जद में आ गया था. गंगा के किनारे वाली चाहरदीवारी कटाव में धराशायी हो गई थी. जिसके बाद तत्कालीन डीसी ने प्लांट का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन करते हुए कटाव विरोधी कार्य का आदेश दिया था. जिसके बाद प्रशासन ने त्वरित कटावरोधी कार्य कर सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को बचाया लिया था.

### लोग कर रहे कटावरोधी कार्य कराने की मांग

गंगा से सटे चानन मुहल्ले के स्थानीय लोग ने बीते दो वर्षों से अधिक समय से चानन गंगा घाट, मलाही टोला, मदनशाही, सकरीगली गंगा तट पर कटावरोधी कार्य करके की मांग कर रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि अब तक सरकार ने इस दिशा में कोई कार्य नहीं किया है. चानन मोहल्ला सहित आसपास के इलाकों की सैंकड़ों एकड़ खेती योग्य भूमि गंगा में समा चुकी है. सैंकड़ों घर कटाव की जद में है.

### बहाव बदल रही गंगा

हर वर्ष बाढ़ व पानी उतरने का बाद कटाव कर गंगा अपना स्वरूप बदल रही है. पहले बिहार के मनिहारी होकर गंगा नदी का बहाव रामपुर होते हुए शहर की तरफ था, लेकिन अब गंगा नदी मनिहारी से सीधे मलाही टोला, चानन की तरफ बह रही है. पानी के दबाव से इन इलाकों में तेजी से कटाव हो रहा है. अगर इन इलाकों में तटबंध पर कटाव विरोधी कार्य नहीं हुए तो गंगा नदी शहर के एक इलाके के बीच से बहने लगेगी.

> छह करोड़ की लागत से शहरी पेयजलापूर्ति योजना का पंप हाउस बनाया गया था. इससे गंगा का पानी पोखरिया टाउन हॉल समीप प्लांट में भेजा जाना है. वहां से पानी फिल्टर करके शहर के हजारों घरों में सप्लाई किया जाएगा. पंप हाउस का चाहरदीवारी गंगा में समाया है. समय रहते पंप हाउस की मशीनरी को हटाने का कार्य किया जाएगा. इसके बाद पंप हाउस को कटाव से बचाने के लिए गंगा पंप नहर के अधिकारियों के साथ बैठकर योजना बनाकर आपसी समन्वय के साथ कार्य किया जाएगा.
>
> **गोविंद कच्छप, कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी**

# कमलदेव राणा की मौत का बिजली विभाग जिम्मेवार : राजेश यादव

## बगोदर विधायक ने पीड़ित परिवार से फोन पर की बात, मदद का दिया भरोसा

**संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)**



बेंगाबाद के मोतीलेदा में घर की छत पर 11 हजार वोल्ट की तार गिरने से उसकी चपेट में आकर एक युवक कमलदेव राणा की मौत का जिम्मेवार बिजली विभाग है और विभाग के लोगों पर एफआईआर दर्ज होना चाहिए, क्योंकि कई वर्षों से खतरनाक और जर्जर तरीके से खींचे हुए 11 हजार की तार को किसी घटना की आशंका से शिफ्ट अथवा केबल युक्ततार लगाने की मांग ग्रामीण करते आ रहे थे, जिसे अनसुना किया गया है. उक्त बातें आज बेंगाबाद के भूतपूर्व जिप सदस्य सह गांडेय विधानसभा क्षेत्र के नेता राजेश यादव ने मोतीलेदा गांव पहुंच कर घटनास्थल और टूटी हुई तार का जायजा लेने तथा पीड़ित परिवार व स्थानीय ग्रामीणों से मिलने के उपरांत कही.

मौके पर बेंगाबाद प्रखंड की बीडीओ निशा कुमारी, पुलिस इंस्पेक्टर ममता कुमारी, मोतीलेदा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि छोटेलाल यादव, कौलेश्वर वर्मा, कई समाजसेवी और गणमान्य लोग भी मौजूद थे.

इधर बगोदर विधायक विनोद सिंह ने भी राजेश यादव के माध्यम से फोन पर पीड़ित परिवार से बात की और घटना को लेकर संवेदना व्यक्त करते हुए मदद का भरोसा दिया है.

मौजूद प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों सहित श्री यादव ने मोबाइल पर बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर तत्काल तार शिफ्टिंग या वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग सहित पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की भी मांग की.

मौके पर मुन्ना राय, मुन्नालाल यादव, बासदेब शर्मा, दिनेश कुमार, सुमिल राणा, पांडेय राय, सोमर राणा, खीतो गोप, अमीन राणा, संतोष कुमार, मुन्ना राणा, मोहन राय, टिंकू राणा, गोविंद राणा, टिंकू राय, राजेश तांती, रोहित गोप, सुरेंद्र राणा, रीतलाल महतो, नंदकिशोर राय, इंद्रलाल वर्मा, सुशील यादव सहित शोकाकुल स्थानीय महिला पुरुष मौजूद थे.

### अवैध मवेशी लदा ट्रक जब्त, 28 पशुओं को भेजा गया गोशाला

**गिरिडीह।** जिले के देवरी थाना की पुलिस ने सुखलजोरिया मोड़ के पास अवैध मवेशी लदे एक ट्रक को जब्त किया है. ट्रक से बरामद सभी 28 मवेशी को गिरिडीह शहर स्थित पचंबा गोशाला भेज दिया गया है. देवरी थाना प्रभारी सोनू कुमार साहू ने बताया कि बीती रात सुखलजोरिया मोड़ के पास वाहन चेकिंग लगाया गया था. रात करीब एक बजकर तीस मिनट पर बिहार के जमुई जिला के चकाई की ओर से एक 12 चक्का ट्रक आती हुई दिखाई दिया, जिसे पुलिस बल द्वारा रोका गया. कुछ दूरी पर ही ट्रक को रोककर चालक अंधेरे का लाभ उठाते हुए भागने में सफल रहा. जवानों द्वारा ट्रक की तलाशी ली गई. इस दौरान ट्रक में 26 गाय और 2 बैल पाया गया. इसके बाद ट्रक संख्या-बीआर 27 जी-8172 को जब्त कर थाना लाया गया. सुबह मेडिकल टीम द्वारा पशुओं की जांच की गई. सभी गाय दूध नहीं देने वाली पायी गई. देवरी पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है. वाहन चेकिंग अभियान के दौरान देवरी थाना प्रभारी सोनू कुमार साहू, भेलवाघाटी थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार, राधेश्याम चौधरी, दिनेश राम, पप्पू साह सहित कई जवान शामिल थे.

# रवींद्र व बुनु ने किया दहेज मुक्त आदर्श विवाह

## दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ का अनूठा प्रयास

**संवाददाता। कसमार (बोकारो)**

बोकारो जिला के कसमार प्रखंड के गर्री पंचायत स्थित स्कूल चौक में श्रीराम मंदिर परिसर में शुक्रवार देर रात दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ की ओर से दहेज मुक्त एक अनोखा व आदर्श विवाह सम्पन्न हुआ. दूल्हा कसमार प्रखंड के गर्री पंचायत के पूर्व वार्ड सदस्य उमेश कुमार कपरदार एवं नमिता देवी के पुत्र रविंद्र कुमार कपरदार एवं दुल्हन धनबाद जिले के फुलारीटांड़ निवासी स्व दीनू लाल रजवार व सुशीला देव्या की पुत्री बुनु कुमारी की शादी श्रीराम मंदिर में पंडित कृष्ण मोहन चौबे ने मंत्रोच्चार व विधि विधान से सम्पन्न करवाई. दूल्हा के पिता उमेश कपरदार ने बताया कि बचपन से ही मेरी सोच थी कि अपने दोनों पुत्र का दहेज मुक्त आदर्श विवाह करूंगा. बड़े पुत्र की यह शादी है, इसी तरह छोटे पुत्र की भी शादी दहेज मुक्त ही करूंगा, ताकि दहेज को लेकर भविष्य में किसी प्रकार बाद में विवाद की गूंजाइश ही नहीं रहे.

इस दौरान स्थानीय जिला परिषद अमरदीप महाराज ने आदर्श विवाह रचाकर समाज को एक नया संदेश देने वाले दूल्हा व दुल्हन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि इन्होंने जो कार्य किया है, उसकी जितनी तारीफ करें वो कम पड़ जायेगा. समाज में चल रहे कुरीतियों को दूर करने के लिए किसी ना किसी को आगे आना ही होगा. इसी प्रकार हरेक माता पिता को आगे आना होगा.

मौके पर दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ के अध्यक्ष अध्यक्ष सरिता देवी, उपाध्यक्ष संदीप कुमार महतो, कसमार के जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज, मुखिया प्रतिनिधि धनलाल कपरदार, शशि भूषण प्रजापति, प्रताप लहकार, राम लखन गोस्वामी, कृष्ण मोहन चौबे, रतन कुमार चौबे, दिलीप महतो, संगीता देवी व अन्य लोग उपस्थित थे.

# चार दिनों से पेयजलापूर्ति बाधित ग्रामीणों ने जमकर काटा बवाल

**संवाददाता। गावां (गिरिडीह)**



गावां पेयजल स्वच्छता कार्यालय में लगे पानी टंकी से गावां प्रखंड के चार पंचायत नगवां, पटना माल्डा व गावां में पेयजलापूर्ति किया जाता है. पिछले चार दिनों से पेयजलापूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों के बीच समस्या उतपन हो गई है. शनिवार को पटना पंचायत के दर्जनों महिलाएं पेयजल स्वच्छता कार्यालय पहुंच कर जमकर विरोध प्रदर्शन की. मीणा देवी ने कहा कि हर माह में 10 से 15 दिनों तक ही पानी मिलता है. बाकी दिनों मोटर खराब, बिजली नहीं होने के कारण का बहाना लगाकर पेयजलापूर्ति बंद रहता है. उन्होंने कहा कि समय पर पानी का बिल हम सभी ग्रामीण देते हैं. उसके बाद भी पेयजलापूर्ति बंद कर दिया जाता है. जिसके कारण हमलोगों को इधर उधर पानी के लिए भटकना पड़ता है. उन्होंने कहा कि दो दिनों के अंदर पेयजलापूर्ति चालू नहीं हुआ तो गावां थाना मोड़ व पटना चौक में सड़क जाम कर दिया जाएगा.

वहीं साहजहां खातून ने कहा कि मुस्लिमों का त्योहार मुहर्रम पर्व है और पेयजलापूर्ति बाधित हो जाने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. पटना पंचायत में पानी का समस्या है. पेयजलापूर्ति बंद हो जाने से दूसरे का घर से पानी लाने जाना पड़ता है. मुहर्रम पर्व नजदीक है. पेयजलापूर्ति चालू किया जाए अन्यथा सैकड़ों महिलाओं के साथ पेयजल स्वच्छता कार्यालय पहुंच कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे.

मौके पर प्रमिला देवी, बबिता देवी, पूनम देवी, सोनी देवी, खैरून निशा, मो सोहरत समेत कई महिलाएं मौजूद थी.

**जागरुकता**

## विश्व एमएसएमई दिवस पर चास में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# नोडल एजेंसी ऑफ एमएसएमई और बैंकों की भूमिका विषय पर हुई परिचर्चा

- बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक, सिपेट रांची व टाटा सोलर पावर ने हिस्सा लिया

**संवाददाता। बोकारो**



विश्व एमएसएमई दिवस पर गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट, काण्ड्रा, चास में शुक्रवार देर शाम कार्यशाला का आयोजन हुआ. यह कार्यक्रम झारखंड स्मॉल टाइनी सर्विसेज एंड बिजनेस इंटरप्राइज एसोसिएशन, बोकारो गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसायटी टेक्निकल कैंपस, काण्ड्रा, चास (बोकारो), लघु उद्योग भारती एवं नेशनल इंडस्ट्रियल कंसल्टेंसी सेंटर, बोकारो द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया. एक दिवसीय कार्यशाला में बोकारो जिला के बेरोजगार युवक-युवतियों, उद्यमी के लिए नोडल एजेंसी ऑफ एमएसएमई और बैंकों की भूमिका विषय पर परिचर्चा की गई.

स्वागत भाषण में एस. के पाण्डे, अध्यक्ष लघु उद्योग भारती, बोकारो ने कहा कि नये उद्यमी को आज के समयानुसार अपने आप में सुधार करते हुए एक सफल उद्यमी बनने का प्रयास करना चाहिए. उद्योग क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं.

कुन्दन कुमार उपाध्याय, राज्य अध्यक्ष, झारखंड स्मॉल टिन्नी एंड बिजनेस इंटरप्राइजेज ऐसोसिएशन, बोकारो ने कहा कि कार्यक्रम में सरकारी विभाग, बैंक एवं नये उद्यमी, पुराने उद्यमी को एक साथ सभी योजना पर पूर्णरूप से जानकारी प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया, ताकि पीएमईजीपी, स्टैंड अप व स्टार्ट अप इंडिया, पीएमएफएमई के विषय पर पूर्ण रूप से जानकारी प्रदान किया जाना है. जिससे उद्यमियों को पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके.

राजेन्द्र प्रसाद, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र झारखण्ड सरकार (बोकारो) अपने सम्बोधन में कहा जिला उद्योग केन्द्र की तरफ से हर प्रकार का सहयोग दिया जायेगा. उन्होंने पीएमईजीपी योजना के संबंध में कहा कि सभी शहरी क्षेत्र में 25% एवं ग्रामीण क्षेत्र के लाभुकों को 35% सब्सिडी दिया जाता है.

संस्थान के निदेशक ने कहा कि सही सोच, दिशा एवं कार्य का तरीका अपना के आप अपना उद्योग स्थापित कर सकतें हैं, ताकि सभी प्रकार की सरकारी सुविधा का लाभ अधिक से अधिक संख्या में इंजिनियरिंग स्टूडेंट एवं आई.टी.आई, अन्य एमएसएमई इकाई ले सके. संस्थान द्वारा आयोजित कोर्स साथ स्किल डेवलपमेंट और एमएसएमई के क्षेत्र में पढ़ाई की जाती हैं.

सुमवेल कुजूर, सिपेट, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, रांची द्वारा जानकारी दिया गया कि हमोर संस्थान में विभिन्न प्रकार के शिक्षित बेरोजगार युवक को प्लास्टिक के क्षेत्र में पूर्णरूप जानकारी एवं प्रशिक्षण भी कराया जाता है.

उज्जवल कुमार, प्रबंधक टाटा पावर सोलर सिस्टम ने कहा कि टाटा द्वारा सोलर प्रोजेक्ट हर घर एवं कारखाना में लगाना चाहिए, ताकि बिजली का समस्या को दुर किया जा सके.

शिव कुमार प्रसाद, निदेशक गवर्नमेंट आईटीआई, चास ने कहा कि आज समय के अनुसार सभी नये शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को मार्केट के मांग के हिसाब से उस प्रकार के प्रोजेक्ट को स्थापित करना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक संख्या में आईटम का क्रय किया जा सके.

संस्थान के निदेशक को अच्छे कार्य करने के लिए झारखंड स्मॉल टाइनी एंटरप्राइजेज, बोकारो द्वारा सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में करीब 100 स्टूडेंट , बियाडा एरिया के 20 उद्यमी व चास क्षेत्र के उद्यमियों ने हिस्सा लिया.

### डीएफओ ने आरा मिल पर मारा छापा

**कथारा।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत स्वांग स्थित बंद पड़े रंजीत अग्रवाल के आरा मिल पर डीएफओ ने शनिवार को छापेमारी की. विदित हो कि दो दिन पूर्व गुरुवार को गोमिया बीडीओ रोड स्थित विनोद साव के आरा मिल पर छापेमारी की थी, जिसमें तीस ट्रैक्टर और चार हाइवा लकड़ी बरामद किया गया था. इसके बाद शनिवार को गोमिया के नेहरू हाई स्कूल स्वांग से स्टेशन जाने वाली रोड पर रंजीत अग्रवाल के आरा मिल पर कार्रवाई की गई. इस दौरान कई ट्रैक्टर अवैध लकड़ी को जब्त कर गोमिया स्थित वन विभाग के कार्यालय परिसर ले जाया गया. इस संबंध में बोकारो के प्रभारी डीएफओ संदीप शिन्दे ने बताया कि शनिवार को रूटीन जांच में गोमिया के सवांग स्थित रंजीत आरा मिल का जायजा लेने पहुंचा था. जांच के दौरान आरा मिल के मालिक रंजीत अग्रवाल मौजूद थे. उनका स्टॉक रजिस्टर का जांच किया गया तो उसमें लकड़ी का स्टॉक शून्य था. लेकिन गोदाम में लकड़ी का भंडारण मौजूद था. इसके बाद जब्ती शुरू की गई. उन्होंने बताया कि कई ट्रैक्टर लकड़ी जब्त किया गया है, जिसे वन विभाग के कार्यालय में ले जाया गया. आरा मिल के मालिक के विरुद्ध वन विभाग के सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाएगा. इस कार्रवाई में तेनुघाट, गोमिया और पेटरवार के वन वनपाल और वनरक्षी शामिल थे.

### स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के फर्जी फॉर्म मिलने की शिकायत

**बोकारो।** जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री बहन–बेटी, माई-कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के फर्जी फार्म के जरिए की जा रही अवैध वसूली के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी है. जिला प्रशासन इन धोखाधड़ी गतिविधियों में शामिल लोगों की पहचान करने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं. कई माध्यमों से जानकारी मिली है कि कुछ लोग इस सरकारी योजना के लिए फॉर्म भरने और जमा करने के लिए अवैध रूप से राशि वसूल रहे हैं. यह गतिविधि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में चलने की सूचना मिल रही है. सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, पियूष ने स्पष्ट किया है कि इस योजना के लिए अभी तक कोई आधिकारिक फॉर्म विभाग द्वारा जारी या जिला द्वारा वितरित नहीं किया गया है. केवल विभागीय संकल्प (अधिसूचना) प्राप्त हुई है. मामला प्रकाश में आने के बाद सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों/अंचलाधिकारियों को उचित कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है.

### डीडीसी ने तीर्थ यात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बोकारो।** समाहरणालय परिसर से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत तीर्थ यात्रियों की बस को उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद एवं जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बून ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इससे पहले उप विकास आयुक्त ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से लाभान्वित लाभुकों से बातचीत करते हुए उनका हालचाल जाना और शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि आप सभी सकुशल तीर्थ यात्रा कर वापस लौटें. मौके पर जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अन्तर्गत 69 ईसाई धर्मावलम्बियों को गोवा भेजा जा रहा है. बस से इन्हें रांची स्थित हटिया स्टेशन भेजा जा रहा है, वहां से विशेष ट्रेन द्वारा गोवा की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी. मौके पर पर्यटन विभाग के अमन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे.

### लोक अदालत को गंभीरता से लें सरकारी अधिकारी : जस्टिस

**गिरिडीह।** व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया. लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज प्रसाद, डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, बार काउंसिल के अध्यक्ष प्रकाश सहाय ने किया. बतौर मुख्य अतिथि जस्टिस राजेश शंकर ने मौजूद सरकारी अधिकारियों को आगह किया कि ऐसे राष्ट्रीय लोक अदालत को गंभीरता से लें. लोक अदालत में प्रतिनिधियों को ना भेजें, क्योंकि प्रतिनिधियों को मामले का निष्पादन करने का अधिकार नहीं होता है. उनका आना मात्र औपचारिकता है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आज राष्ट्रीय पर्व का रूप ले चुका है. ऐसे में सबकी जिम्मेवारी बनती है कि इसे गंभीरता से लें. लोक अदालत में प्रक्रिया की बाध्यता नहीं होती. दोनों पक्षों को समझने की जरूरत है कि इसमें त्वरित रिलीफ मिलती है. अगले 10 वर्षों तक संघर्ष की नौबत नहीं आती. मौके पर बार काउंसिल के उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंहा मंटू, महासचिव चुन्नू कांत सहित कई न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे.

### नगर निगम के सफाई कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**देवघर।** बाबा नगरी में एक तरफ श्रावणी मेला को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है, लेकिन दूसरे तरफ़ नगर निगम के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है. झारखंड लोकल बॉडीज एंप्लॉय फेडरेशन के बैनर तले अध्यक्ष संजय मंडल के नेतृत्व में नगर निगम के सभी सफाई कर्मचारी अनिश्चित हड़ताल पर चले गए हैं. सफाई कर्मी और फेडरेशन की पांच सूत्री मांग है, जिन्हें जल्द से जल्द पूरा करने को लेकर निगम पर दबाव बनाया जा रहा है. वहीं निगम अगर इनकी मांगो को नहीं मानती है तो सभी कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर ही रहेंगे. इधर साफ सफाई नहीं होने से पूरे शहर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है. हलांकि मंदिर और मंदिर के आसपास प्राइवेट कंपनी के द्वारा साफ सफाई कराई जा रही है. लेकिन पूरा शहर में इन दिनों गंदगी का अंबार लगा है.

### बिजली की मांग को लेकर ग्रामीणों ने निकाला मशाल जुलूस

**ललमटिया।** राजमहल कोल परियोजना की ललमटिया इकाई के कारण विस्थापित हुए ग्रामीणों ने बिजली की मांग को लेकर प्रदर्शन किया. मशाल जुलूस लेकर सैकड़ों की संख्या में लोहंडीया गांव के ग्रामीण मुख्य चौक पर जमा हुए और फिर जुलूस की शक्ल में ईसीएल के पोखर गेट तक पहुंचकर नारेबाजी किया. लोहंडीया गांव के ग्रामीणों का कहना है कि ललमटिया कोलियरी क्षेत्र से अगल बगल के तीन से पांच किमी तक बसे दर्जनों गांवों में बिजली पानी की आपूर्ति की जा रही है. जबकि लोहंडीया गांव की दूरी खदान क्षेत्र से महज तीस मीटर है, फिर भी हमें बिजली, पानी की सुविधा नहीं दी जा रही है. खदान में होने वाले विस्फोट का दंश हम ग्रामीण वर्षों से झेल रहे हैं. खदान में होने वाले उच्च शक्ति वाले विस्फोट के कारण अगल बगल के लोगो के घरों में दरारें पड़ गई है. सभी मकान जर्जर हो चुके हैं. लेकिन इस पर प्रबंधन का कोई ध्यान नहीं है. पिछले एक महीने से ग्रामीणों द्वारा आंदोलन की जा रही है. इससे पूर्व जल सत्याग्रह, भूख हड़ताल किया गया था. कोल प्रबंधन को कई बार ज्ञापन देकर समाधान करने का अनुरोध किया गया, लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया. ग्रामीणों ने तय किया है कि अब आगे कोयला ढुलाई का कार्य बाधित किया जाएगा.

### विस चुनाव की तैयारी में जुट जाएं कार्यकर्ता : जयराम

**कसमार (बोकारो)।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जोरदार तैयारी अभी से ही शुरू कर दी है. विधानसभा चुनाव में गोमिया विधानसभा में दमदार उपस्थिति व जोरदार प्रदर्शन को लेकर जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो शनिवार को कसमार प्रखंड पहुंचे. इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं संग लगभग दो घंटे चुनावी चर्चा, रणनीति पर गहन विचार विमर्श के बाद कोडरमा में आहूत बैठक में शामिल होने चले गए. इस दौरान जयराम कुमार महतो ने गोमिया विधानसभा के कार्यकताओं से मुलाकात करते हुए विधानसभा चुनाव में जुट जाने की बात कही. उन्होंने कहा कि झारखंडी अस्मिता को बचाने के लिए राज्य में युवाओं को आगे आना होगा, तभी झारखंडी हितों की रक्षा हो सकती . उन्होंने जेबीकेएसएस के विचारों को लोगों के पास जाकर अवगत कराने की बात सदस्यों से कहीं. इस दौरान बैठक में सभी सदस्यों ने एक स्वर मे संगठन की मजबूती के साथ आगामी चुनाव लड़ने की बात कही.

### मनरेगा कर्मियों की हड़ताल 18 जुलाई से : प्रखंड अध्यक्ष

**जमुआ (गिरिडीह)।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ रांची के आह्वान पर आगामी 18 जुलाई से 20 जुलाई तक पूरे राज्य में सांकेतिक हड़ताल और 22 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल को सफल बनाने हेतु शनिवार को जमुआ के इंदिरा गांधी मैदान में प्रखंड मनरेगा संघ जमुआ का एक अहम बैठक प्रखंड अध्यक्ष सुरेश वर्मा की अध्यक्षता में हुई. बैठक में मनरेगा के बीपीओ, सहायक अभियंता, लेखा सहायक, कम्प्यूटर सहायक, कनिय अभियंता एवं रोजगार सेवक मुख्य रूप से शामिल थे. बैठक में विभिन्न मांगों की पूर्ति को लेकर राज्य के आह्वान पर होने वाला हड़ताल को सफल बनाने पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया. हड़ताल से संबंधित एक लिखित आवेदन बीडीओ जमुआ के नाम सौंपा गया.

### सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं तिलजोरी के ग्रामीण

**देवघर।** देवीपुर प्रखंड के भोजपुर पंचायत अंतर्गत तिलजोरी गांव के सभी ग्रामीण अभी तक सभी सरकारी योजना के लाभ से वंचित हैं. जहां-तहां बरसात के पानी का ठहराव हो रहा है, जिससे कई बीमारियों उत्पन्न होने की संभावना है. साथ ही आने-जाने वाले मार्ग भी कीचड़ और पानियों से भरा पड़ा है. प्राथमिक विद्यालय के आसपास भी पानी का जमाव है, जिसके वजह से विद्यार्थियों को आने-जाने में असुविधा होती है. जिस पर वार्ड सदस्य से लेकर मुखिया तक की नजर अब तक नहीं पड़ी है. बताते चलें की सरकारी योजनाओं के अंतर्गत चाहे वह आवास योजना हो या फिर कोई भी सरकारी योजना का लाभ जो ग्रामीणों को मिलना है, उसके लिए उन्हें रिश्वत देना पड़ता है. सरकारी योजनाओं से देवीपुर प्रखंड से पंचायत तक के सभी पदाधिकारी फल फूल रहे हैं, लेकिन इसका लाभ अब तक ग्रामीण को नहीं मिल पा रहा है.

▼ ब्रीफ खबरें

### 142 शिक्षकों को किया प्रमाणित

**दुर्गापुर।** ओडीएम एजुकेशनल ग्रुप के 142 शिक्षकों को भारत के शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्कूल इनोवेशन एम्बेसडर के रूप में प्रमाणित किया गया है. इन शिक्षकों ने सफलतापूर्वक स्कूल इनोवेशन एम्बेसडर प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा किया, जो डिज़ाइन थिंकिंग और उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है. यह प्रशिक्षण पांच व्यापक मॉड्यूल्स में विभाजित था. डिज़ाइन थिंकिंग और नवाचार, विचार उत्पन्न करना और मार्गदर्शन, उद्यमशीलता और प्रोटोटाइप विकास, बौद्धिक संपदा अधिकार और वित्त, बिक्री एवं एचआर. ओडीएम एजुकेशनल ग्रुप के संस्थापक डॉ. सत्यब्रत मिनाकेतन ने कहा कि यह प्रमाणन हमारे शिक्षकों की निष्ठा और प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

### हर्षिता ने सीए परीक्षा में सफलता प्राप्त की

**रानीगंज।** चार्टर्ड अकाउंटेंट में पूरे पश्चिम बंगाल के ख्याति प्राप्त सुनील कुमार बुचासिया की पुत्री हर्षिता बूचसिया ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में जबरदस्त सफलता हासिल की है. हर्षिता ने बताया कि उनके पिता पूरे पश्चिम बंगाल में जाने-माने चार्टर एकाउंटेंट के रूप में पहचाने जाते हैं. पापा की प्रेरणा एवं उनकी बड़ी बहन शिवानी नेत्र रोग कोलकाता सागर दत्ता से ऑरथमे आंखों की स्पेशलिस्ट एमएस कर रही हैं. उनकी भी प्रेरणा से मुझे सफलता मिली है. इसके अलावा मैनें प्रतिदिन 8 से 10 घंटा की पढ़ाई की है.

### भूमि हड़पने के खिलाफ कृषि संगठन का प्रदर्शन

**अंडाल।** आरोप है कि जमीन मालिकों को बिना बताए जमीन पर कब्जा किया जा रहा था. मैदान के बीच में सिंडिकेट का अस्थायी कार्यालय बनाया गया था. खबर सुनते ही जमीन मालिकों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया. अस्थाई कार्यालय में आग लग गई. अंडाल उखड़ा रोड पर दक्षिणखंड गांव से सटे इलाके में कृषि भूमि है. ईसीएल की परित्यक्त मधुजोड़ कोलियरी और कई जमीनें हैं. ईसीएल सूत्रों के अनुसार, निजी पहल से परित्यक्त मधुजोड़ कोलियरी को दोबारा खोला जाएगा. कुछ दिन पहले उस जमीन के बीच में भू-माफिया का अस्थायी कार्यालय बना दिया गया. ग्रामीणों व जमीन मालिकों को आशंका है कि जमीन हड़पने के उद्देश्य से माफिया ने उक्त कार्यालय बनाया है.

# नदी किनारे रील बनाने में दो युवतियां डूबीं

खास बातें

- लोगों ने एक युवती को बचाया

संवाददाता । अंडाल



रील बनाने के लिए वीडियो शूट करने के दौरान दो युवतियां नदी में डूब गईं. अंडाल में शनिवार को बस्का फिल्टर हाउस नदी घाट की यह घटना है. स्थानीय लोगों ने एक युवती को बेहोशी की हालत में बचा लिया है. अन्य की तलाश जारी है. शनिवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे अंडाल के रेलवे कॉलोनी नंबर 12 निवासी ज्योति प्रसाद (20) और उनके दो रिश्तेदार रांची निवासी ब्यूटी पासवान (25) और प्रियंका पासवान (22) मदनपुर पंचायत के बास्का फिल्टर हाउस गई थी. सोची बनाएगी वीडियो रील. प्रत्यक्षदर्शी मिंटू गोस्वामी ने बताया कि वीडियो बनाते समय प्रियंका का ध्यान अन्यत्र होने के कारण वह घाट के किनारे से नदी के पानी में गिर गई. ज्योति प्रसाद और ब्यूटी पासवान उसे लेने के लिए पानी में कूद गये. प्रियंका तो किसी तरह पानी से निकल कर घाट पर आ गई, लेकिन ज्योति प्रसाद और ब्यूटी पासवान नदी में डूब गए. दोनों युवतियों के डूबने की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ नदी घाट पर उमड़ पड़ी. सूचना पाकर अंडाल थाने की पुलिस मौके पर आयी. स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस दोनों लापता युवतियों की तलाश के लिए नदी में उतरी है. काफी खोजबीन के बाद ब्यूटी पासवान बेहोशी की हालत में मिली. उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. लापता ज्योति प्रसाद की तलाश जारी है. हालांकि बचाव कर्मियों का कहना है कि लापता ज्योति अभी तक नहीं मिली है. रील और वीडियो बनाते समय विभिन्न दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान चली गई है. लेकिन रील्स बनाने का चलन कम नहीं हुआ है. उसी का नतीजा है कि दुर्घटनाएं हो रही हैं और जानमाल का नुकसान हो रहा है. विशेषज्ञों का मानना है कि इस संबंध में जागरुकता की जरूरत है.

# मासूम बेटे की हत्या कर पिता ने कर ली आत्महत्या



खास बातें

- मृत बच्चे का नाम सुजन रुइदास, जो केवल 9 महीने का था
- पिता ने दुर्गापुर स्टेशन के पास कर ली आत्महत्या

संवाददाता । दुर्गापुर

अपने मासूम बेटे की निर्ममता से हत्या करने के बाद दुर्गापुर में एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली. घटना शनिवार दोपहर की है. मृत बच्चे का नाम सुजन रुइदास है. वह केवल 9 महीने का था. वहीं आत्महत्या करने वाले की पहचान अबीर रुईदास (35) के रूप में की गई है. इस घटना से दुर्गापुर वार्ड नंबर 28 सागरभंगा रुईदास मोहल्ले में सनसनी फैल गयी. मालूम हो कि शनिवार की सुबह से ही पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था. छोटा बच्चा सुजन बिस्तर पर खेल रहा था. पिता अबीर ने अचानक सुजन को बिस्तर से उठाया और पटक कर भाग गया. बच्चे को गंभीर हालत में दुर्गापुर महकमा अस्पताल भेजा गया. वहां से बच्चे को बर्दवान मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया लेकिन बच्चे की रास्ते पर ही मौत हो गई. बच्चे का शव घर लाया गया. कोकेओवेन थाने की पुलिस पहुंची और बच्चे के शव को बरामद कर दुर्गापुर महकमा अस्पताल भेज दिया. तब तक खबर आई कि सुजन के पिता अबीर ने दुर्गापुर स्टेशन के पास रेलवे लाइन पर आत्महत्या कर ली है. स्थानीय निवासी कनाई बाउरी ने कहा कि अबीर और उसकी पत्नी सरमा दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करते थे. दोनों के बीच लगभग हर दिन अशांति होती रहती थी. शनिवार सुबह विवाद चरम पर पहुंच गया. तभी अबीर ने अपने बच्चे को बिस्तर से उठाकर पटक दिया. स्थानीय निवासियों ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने दौड़कर अबीर को पकड़ लिया और उसे थप्पड़ मारा. उसके कुछ ही देर में खबर आई कि उन्होंने देशबंधु नगर के पास रेलवे लाइन पर आत्महत्या कर ली है.

### तृणमूल कांग्रेस की जीत की खुशी में पुरुलिया में खेला अबीर

संवाददाता । पुरुलिया



पश्चिम बंगाल में चार विधानसभा उपचुनावों में तृणमूल कांग्रेस को मिली जीत की खुशी में पुरुलिया नगरपालिका के चौराहे पर तृणमूल समर्थकों ने अबीर खेली और एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशियां मनाई. मौके पर पुरुलिया नगरपालिका के चेयरमैन नवेंदु महाली और वार्ड नंबर 5 के पार्षद सहित पार्टी के समर्थक उपस्थित थे. सभी मां माटी मानुष जिंदाबाद, ममता बनर्जी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे.

# क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




संवाददाता । रानीगंज

रानीगंज लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल में क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ. कार्यशाला का शीर्षक कला एकीकरण आर्ट इंटीग्रेशन था और इसके लिए संसाधक काकोली बागची और श्रृजनी दत्ता थी. कार्यशाला की शुरुआत प्राचार्य मंदिर दे ने संस्थाक से परिचय कराते हुए कार्यशाला के महत्व एवं उद्देश्यों से परिचित कराया. संसाधक कार्यक्रम के दौरान की जाने वाली विविध गतिविधियों को व्याख्यायित किया. कला एकीकरण के अंतर्गत कार्यशाला में पाठ्यक्रम के अन्य विषयों के साथ कला को एक एकीकृत करने के महत्व पर जोर दिया गया. कला एकीकरण रचनात्मक सोच समस्या समाधान कौशल और विभिन्न विषयों के गहरी समझ को बढ़ाता है. कला एकीकरण विचारों पर चर्चा की गई. यह छात्रों में प्रेरणा को बढ़ाता है, अंतर विषयक शिक्षा को बढ़ावा देता है, महत्वपूर्ण सोच और विश्लेषणात्मक कौशल में सुधार करता है और समग्र विकास को प्रोत्साहित करता है.

कार्यशाला में विज्ञान, गणित, इतिहास और साहित्य जैसे विषयों में कला को सहाजता से एकत्रित करने के लिए प्रभावी रणनीतियों और दृष्टिकोण पर चर्चा की गई. प्रतिभागी विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे. इन गतिविधियों में कला परियोजनाएं, समूह चर्चाएं और समूह चर्चाएं शिक्षण अभ्यास शामिल थे. शिक्षकों ने कला एकीकरण में अपने अनुभव और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया.

कार्यशाला की गतिविधियों और चर्चाओं को अपनाया. कार्यशाला में सभी उपस्थित लोगों के लिए एक समृद्ध अनुभव था. विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी ने इसे एक सफल आयोजन बनाया. अंत में शांति पाठ के साथ कार्यशाला का समापन हुआ.

न्यूज अपडेट ▼

### कचरे को करें अलग



**दुर्गापुर।** दुर्गापुर उप-विभागीय खेल और सांस्कृतिक क्लब समन्वय सोसायटी की पहल के तहत और भारत सरकार के युवा कल्याण और खेल विभाग के तहत नेहरू युवा केंद्र दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल विज्ञान मंच और स्वैच्छिक संगठन स्विचन फाउंडेशन के सहयोग से दुर्गापुर नगर निगम है 27 वार्डों को मॉडल वार्ड बनाने की मंशा से कार्यक्रम जारी है. सेक्टर 2सी क्षेत्र में हंबीर और हिंडोल सारणी के निवासियों के बीच सूखे और गीले कचरे को अलग करना शुरू कर दिया गया है. इस सारणी में प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार/शनिवार को प्रत्येक घर से अलग-अलग सूखा कचरा एवं प्लास्टिक कचरा एकत्र किया जाएगा. इस कार्यक्रम में पर्यावरण कार्यकर्ता कबी घोष और विज्ञान कार्यकर्ता सजल बोस के साथ स्थानीय निवासियों और दुर्गापुर नगर निगम के निर्मल साथी और निर्मल मित्रों ने भाग लिया. जनजागरण का यह कार्य बहुत जोर-शोर से जारी रहेगा और धीरे-धीरे क्षेत्र का दायरा बढ़ता जाएगा.

### आरपीएफ ने यात्री का खोया बैग लौटया



**पुरुलिया।** आद्रा आरपीएफ ने अभियान अमानत के तहत यात्री का ट्रेन में छूटा बैग लौटाया. बरामद सामान की कीमत लगभग 42000/- है. जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 18011 के कोच संख्या एस/5 बर्थ संख्या 46 में एक हैंड बैग छूट जाने की सूचना पर एएसआई बी.कुमार और आरपीएफ पोस्ट आद्रा के कर्मचारियों ने 07.11 बजे आद्रा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के प्लेटफार्म संख्या 01 के आगमन पर उक्त कोच की जांच की और उक्त बैग बरामद किया. एएसआई बी. कुमार ने शिकायतकर्ता सुभाजीत दत्ता, पुत्र रंजीत दत्ता, निवासी- राजग्राम, पी/एस- बांकुड़ा सदर, जिला- बांकुड़ा (पश्चिम बंगाल) से मोबाइल फोन नंबर- 8906967203 पर संपर्क किया और मामले की जानकारी दी. बाद में वह आद्रा रेलवे स्टेशन आया और अपने बैग की पहचान की. जिसमें 01 एचपी लैपटॉप, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी, मनी पर्स था. उचित सत्यापन और पहचान के बाद बरामद बैग उसके मालिक को सौंप दिया गया.

### अंशकालिक शिक्षकों को रोजगार गारंटी की मांग

**पुरुलिया।** अंशकालिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर प्रबंधन समिति द्वारा नियुक्त अंशकालिक शिक्षकों को 60 वर्ष की आयु तक रोजगार की गारंटी देना होगा. साथ ही उन्हें वह सम्मान दिया जाना चाहिए, जिसके वे हकदार हैं. उस पत्र में और भी कई मांगें शामिल हैं. संगठन के सदस्यों ने कहा कि विभिन्न जिलों की सरकारी और सरकार प्रायोजित उच्च प्राथमिक, मध्य एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अंशकालिक शिक्षक कार्यरत हैं. कुछ लोग 5, 10, 15 वर्षों से अधिक समय से भक्तिपूर्वक पढ़ा रहे हैं. वे स्थायी शिक्षकों की तरह हर दिन चार या पांच कक्षाएं लेते हैं. वे स्कूल में पढ़ाने के अलावा हिसाब-किताब देखना, प्रश्न पत्र तैयार करना, खेल-कूद कराना, मध्याह्न भोजन सामग्री पहुंचाना आदि का काम करते रहे हैं. लेकिन उन्हें विद्यालय निधि से 2-4 हजार रुपये मानदेय के रूप में दिये जाते हैं.

### चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने जताई चिंता

**जामुड़िया।** जामुड़िया चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं कारखाने के अधिकारियों के निवेदन के बाद निरीक्षण करने पहुंचे जिला कार्यालय से अधिकारी. पिछले महीने इकड़ा औद्योगिक इलाके में स्थित सड़क कि अवस्था जर्जर के संदर्भ में जिला शासक से निवेदन किया गया था. शुक्रवार शाम को जिला कार्यालय से एक अधिकारी इकड़ा औद्योगिक रास्ते का निरीक्षण करने पहुंचे. मौके पर जामुड़िया चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव महेश कुमार सांवड़या के अलावा कई कारखाने के प्रतिनिधि मौके पर मौजूद रहे. इस दिन आए अधिकारी ने इलाके में स्थित सड़क का निरीक्षण किया. इस संबंध में जामुड़िया चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव महेश कुमार सांवड़या ने बताया कि इकड़ा औद्योगिक क्षेत्र की सड़क वर्तमान समय में काफी जर्जर हो चुकी है.



# धनबाद की सभी 6 सीटों पर एनडीए का झंडा लहरेगा : ढुल्लू

संवाददाता । निरसा




सांसद ढुलू महतो ने कहा कि लोकसभा चुनाव सेमीफाइनल था और विधानसभा फाइनल होगा. फाइनल में सिंदरी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की रिकॉर्ड तोड़ जीत होगी तथा धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी 6 विधानसभा सीटों पर एनडीए का झंडा लहरेगा. सभी सीट एनडीए की झोली में डालकर बाबूलाल मरांडी को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा. वह शनिवार को राजविलास कौवाबांध में सिंदरी विधानसभा क्षेत्र अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने सिंदरी क्षेत्र के सभी प्रखंडों से बिना विवाद के एक-एक बड़ी योजना का करने की अपील की. कहा धनबाद के माफिया एवं गुंडे लोग लोगों को काम करने नहीं देते. वह कुर्बानी देकर भी धनबाद की जनता का काम करेंगे और यदि काम नहीं कर पाएंगे तो लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे. उन्होंने कहा कि गया पुल चौड़ीकरण के लिए उनकी पहल पर तीन संवेदकों ने टेंडर डाला है. भाजपा में जातिवाद और क्षेत्रवाद का कोई स्थान नहीं है. यह राष्ट्र भक्तों की पार्टी है. समाज में जहर फैलाने वालों का इस पार्टी में कोई स्थान नहीं है.उन्होंने कहा कि वह पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए 24 घंटे खड़े रहेंगे. सांसद, विधायक व अन्य ने दुपट्टा देकर एवं पुष्प वर्षा कर भाजपाइयों का स्वागत किया. मुख्य वक्ता देवघर विधायक नारायण दास ने कहा कि बलिदान, समर्पण और सेवा का दूसरा नाम ढुलू महतो है. गरीबों के लिए इस तरह का लड़ाकू नेता कोई नहीं है. दास ने कहा कि उन्होंने दिल्ली और सूरत में गार्ड का काम किया, दिल्ली में रिक्शा और ठेला भी चलाया परंतु बीजेपी के कारण वह दो बार से देवघर के विधायक है. विधानसभा चुनाव की तैयारी में जी जान से जुड़ जाने का आह्वान किया. ग्रामीण जिला प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि दुर्भाग्य है कि आज झारखंड से आदिवासी विलुप्त हो रहे हैं और बांग्लादेशी घुसपैठिए लगातार बढ़ रहे हैं.1 कार्यक्रम संयोजक भाजपा नेत्री तारा देवी ने कहा कि भीषण गर्मी में कार्यकर्ताओं की जी तोड़ मेहनत से सांसद ढुलू महतो की जीत हुई है और उन्होंने विकास का कार्य शुरू कर दिया है. जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने पार्टी की जीत एवं मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का आभार जताया. अध्यक्षता पश्चिम मंडल अध्यक्ष अजय गिरि, स्वागत भाषण जिला उपाध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल व संचालन जिला महामंत्री नेता रजवार ने किया. मौके पर प्रदेश सदस्य धर्मजीत सिंह, मीडिया प्रभारी रतिरंजन गिरि, सह संयोजक ओमप्रकाश बजाज, महिला जिलाध्यक्ष जया कुमार, राजेश चौधरी, प्रकाश बाउरी, अमर मंडल, संतलाल प्रमाणिक, बलदेव महतो, विक्रांत उपाध्याय, मोहन कुम्भकार, अल्पना मुखर्जी, किशन अग्रवाल, मनोज मिश्रा, सुमिता दास, दिनेश मंडल, बलराम साव, कुमार महतो, मनीष साव, जग्गू साव, विजय रवानी, मंटू रवानी, अरविंद पाठक, गोविंद राय शैलेश सिंह, अरविंद खत्री, मनोज मिश्रा, विश्वनाथ पाल, भारती देवी, नीतू शंकर, सुजीत चौधरी, सुबोध सिंह, आशीष मुखर्जी, सुशीला देवी, शंकर महतो, बमबम साव, इंद्रजीत राय, सुभाष मंडल, धर्मेंद्र महतो, वीरेंद्र गिरी,सुभाष गिरि, निर्मल कुंभकार, निमाई महतो, महेश महतो,चुन्नी मजूमदार, खगेन चौधरी, संतराम चौधरी, मनोज अग्रवाल , मनोज समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे.

# चापापुर कोलियरी में वार्ता के बाद कामकाज शुरू

संवाददाता । निरसा

इसीएल मुगमा क्षेत्र के चापापुर-2 कोलियरी में गुरुवार से जारी आंदोलन समाप्त हो गया है. शनिवार को आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रबंधक विनोद सिंह के साथ वार्ता के बाद कार्य पुनः शुरू हुआ. बुधवार को मासस समर्थित मुखिया ने स्थानीय 30 ग्रामीणों को नियोजन दिलाने की मांग कर कामकाज बंद करा दिया था. बंदी के दौरान मजदूरों की हाजिरी काटे जाने का विरोध कर भाजपा एवं यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन ने उत्पादन तथा कोयला डिस्पैच ठप करा दिया था. शनिवार की सुबह आंदोलन स्थल पर उपस्थित होकर प्रबंधक विनोद सिंह ने मांगों को लेकर कंपनी के मालिक विजय रेड्डी के साथ 7 दिनों के अंदर वार्ता कराने का आश्वासन दिया. उनकी बातों पर भरोसा जताते हुए यूनियन प्रतिनिधियों ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की. इसके बाद कामकाज शुरू हो गया. वार्ता से पूर्व शनिवार की सुबह भाजपा एवं यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन समर्थित ग्रामीण एवं मजदूर रामकनाली स्थित काली मंदिर मैदान में जुटे और जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए आउटसोर्सिंग कैंप कार्यालय पहुंचे, जहां यूनियन के सचिव मधुरेंद्र गोस्वामी ने जुलूस को संबोधित किया. कहा कि कार्यरत मजदूरों को एचपीसी का वेतनमान, आई कार्ड, मेडिकल समेत अन्य सुविधाएं देनी होगी. साथ ही यहां के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी, बिजली और सड़क की भी व्यवस्था करनी पड़ेगी. मौके पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष बंपी चक्रवर्ती, उत्पल मिथुन रवानी, भुवन रोहिदास समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व मजदूर उपस्थित थे.

गोमो में कार के धक्के से ऑटो पलटा

# दो स्कूली छात्रा समेत एक महिला घायल

खास बातें

- कार चालक फरार, पुलिस कर रही है तलाश

संवाददाता । गोमो

हरिहरपुर थाना क्षेत्र के गोमो-बाघमारा सड़क मार्ग पर आजाद नगर के समीप शनिवार की सुबह करीब 8.30 बजे मारुति कार के धक्के से ऑटो पलट गया, जिससे दो स्कूली छात्रा बुरी तरह घायल हो गयी. दुर्घटना के वक्त दोनों छात्रा वहां से गुजर रही थी, दोनों चपेट में आने से घायल हुई. वहीं घायल महिला ऑटो में सवार थी. घायल छात्रा का नाम सुकूडीह निवासी पत्रकार तफाजुल अंसारी की पुत्री रेहाना परवीन और गुलजार अंसारी की पुत्री साबिया परवीन है. घायल महिला बिंदिया देवी निमियाघाट के कोरियाडीह निवासी है. घायल दोनों छात्रा को इलाज के लिए कतरास अस्पताल ले जाया गया, जबकि घायल महिला को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया. घटना के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि तोपचांची की ओर से तेज गति से आ रही कार ने यात्रियों से खचाखच भरे ऑटो में टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही टेंपो सडक पर पलट गई तथा उसमें सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. हालांकि ऑटो में बैठे कई अन्य यात्रियों को भी मामूली चोट लगी. ऑटो बाघमारा से सवारी ले कर गोमो आ रहा था. ग्रामीणों ने पलटी खाए टेंपो को खड़ा किया.

### प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए किया पौधरोपण

**लोयाबाद।** धनबाद को प्रदूषण मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर लोयाबाद पुलिस एवं बीजीएस हाई स्कूल के पौधरोपण अभियान के तहत शनिवार को एएसआई हीरालाल दास, विद्यालय के प्राचार्य सिद्वेश्वर मन्ना, ग्रामीण एकता मंच के अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू समेत वार्ड 8 के निवर्तमान पार्षद महावीर पासी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय के गेट के बाहर पौधरोपण किया. दस-दस फलदार एवं छायादार पौधे लगाये गये. पौधारोपण से पूर्व विद्यालय के प्राचार्य ने एएसआई हीरालाल दास एवं वार्ड 8 के निर्वतमान पार्षद महावीर पासी और मंच के अध्यक्ष रंजीत सिहं को पुष्पगुच्छ भेंट किया. मौके पर एएसआई ने कहा कि स्कूल के बच्चे पर्यावरण के प्रति जागरूक हो जाए तो हमारे आने वाले पीढ़ी को स्वच्छ हवा मिल मिलेगी.

# लोक अदालत | 1 अरब 78 करोड़ 43 लाख 39 हजार की रिकवरी

## नेशनल लोक अदालत का मुख्य न्यायाधीश झारखंड ने किया ऑनलाइन उद्घाटन - तीन लोगों को ऑन स्पॉट नियुक्ति पत्र

खास बातें

- एक लाख 98 हजार 78 वादों का निपटारा

संवाददाता । निरसा




**धनबाद।** नेशनल लोक अदालत का ऑनलाइन उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विद्धुत रंजन सारंगी ने किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि लोगों को त्वरित न्याय मिले यही हमारा उद्देश्य है. ऑनलाइन उद्घाटन के बाद धनबाद में नेशनल लोक अदालत की शुरुआत हुई. जहां मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा द्वारा चार लोगों को मुआवजा का चेक व तीन लोगों को नियुक्ति पत्र दिया गया. नेशनल लोक अदालत में विवादों के निपटारे के लिए तेरह बेंच का गठन किया गया था.इनके द्वारा विवादों का निपटारा किया गया. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने कहा कि लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बर्बादी से बचा जा सकता है. 23 नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है. नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव राकेश रोशन ने बताया कि कुल 13 बेंचो द्वारा एक लाख 98 हजार 78 वादों का निपटारा किया गया. जिसमें 1 अरब 78 करोड़ 43 लाख रुपए की रिकवरी की गई. उन्होंने बताया कि मौके पर मसूरी मुंडियाईन ,मृनाल राय ,राजेश बाऊरी, संजय कुमार को ऑन स्पॉट नियुक्ति पत्र ईसीएल द्वारा दिया गया. वहीं ममता देवी , सुधा सिंह, सहादत अंसारी को मुआवजा का चेक ऑन स्पॉट दिया गया. कुल 13 बेंच का गठन किया गया था, जिसमें टी हसन प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय, अतिरिक्त न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय एस एन मिश्रा,जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, मुख्य न्यायाधीश आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, अवर न्यायाधीश सफदर अली नायर, नीतासा बारला ,प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार, ऋषि कुमार परमानेंट लोक अदालत के अध्यक्ष पीयूष कुमार, मेंबर रवींद्रनाथ ठाकुर, शिप्रा एवं सर्टिफिकेट ऑफिसर रामनारायण खालको समेत डालसा के पैनल अधिवक्ता विभिन्न विभागों बैंक इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारी शामिल थे. लीगल एट डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, डालसा सहायक , सौरव सरकार, अरुण कुमार, अनुराग पांडे, हेमराज चौहान चंदन कुमार, समेत अन्य लोग उपस्थित थे. सचिव राकेश ने नेशनल लोक अदालत में सफल आयोजन के लिए सभी वादकारी सिविल कोर्ट कर्मचारी धनबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं और विभिन्न विभाग के अधिकारियों का आभार प्रकट किया.

